## खबर संक्षेप

### रेल कर्मचारियों की भूख हड़ताल खत्म

**सतना।** चोथे दिन भी वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ सतना की दोनों शाखाओं ने मिलकर एनपीएस को रद्द करने,ओपीएस को बहाल करने की मांग को लेकर चार दिवसीय क्रर्मिक भूख हड़ताल गुरुवार को भी जारी रही। सतना लोको लॉबी के सामने प्लेटफॉर्म नंबर एक पर सुबह आठ बजे से प्रारम्भ कर संध्या के 18 बजे तक चालू रखा तथा संघ के सचिव आनंद यादव एवं मुकेश मिश्र ने बताया कि भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को शाम 6बजे जूस पिलाकर क्रमिक भूख हड़ताल समाप्त कराई गई। आनंद यादव ने भूख हड़ताल का समापन किया और सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। हड़ताल समापन के दौरान विकाश कुमार,मुकेश सिंह, शालनी, अंकिता, प्रियंका, अशोक,आनंद यादव, योगेश गुप्ता, मुकेश मिश्रा, विनोद गुप्ता, दीपक गौतम,अरुण श्रीवास्तव,आर पी यादव,मनीष पाण्डेय,नीरज,राहुल गौतम,अमित गौतम,नेहा रजक, मृतुन्जय कुमार,लोक नाथ,रोहित,आशीष शिवहरे,नवल किशोर,आशीष जैसवाल, भोलेंद्र पटेल,शिव शंकर, राजमणि माली, ए.के.गुलशन, सोनलशर्मा, राकेश सिन्हा, संजय कुमार, अभिषेक आनंद,निवेंद्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह,अम्बर गुप्ता,व े द प्रकाश, सुरेन्द्र कुमार, स ु नील शर्मा, रामकुमार,सीताराम,संजय,राहुल,नेहा सिंह, अमित यादव ,राजेंद्र,मुक्तार अली,सोनू कुमार,बेटा लाल,अमित,अशोक वर्मा,राजू,शिवम तिवारी,राजू कुमार और भी सैकड़ों की संख्या में रेल कर्मचारी उपस्थित रहें।

### आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए दबाव

**मैहर।** मैहर की समस्त एनएम, एमपीडब्ल्यू एवं सुपरवाइजरों ने खण्ड जिला चिकित्सा अधिकारी को आवेदन पत्र देकर कहा है कि मैहर जिले में महिला कार्यकर्ताओं एवं पुरूष कार्यकताओं पर आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का दबाव बनाया जा रहा है जबकि हम सभी के पास पहले से ही ऑनलाइन कार्य जैसे अनमोल, यूविन,आईडीएसपी,एनसीडी एवं टीकाकरण सहित अन्य कार्य किया जा रहा है। इसके लिए शासन के द्वारा आयुष्मान कार्ड के लिए आशा एवं आशा सहयोगियों को आदेशित किया गया था।

### ठंड में गरीबों के लिए खोले जाए आश्रय स्थलः बब्बल



**सतना।** मध्य भारत मोर्चा के जिला अध्यक्ष जसविंदर सिंह भाटिया बब्बल ने जारी बयान में कहा है की सतना जिले में जिस तरह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है उससे सभी प्रभावित है लेकिन सबसे ज्यादा मार गरीब तबके के लोगों को झेलनी पड़ रही है। श्री भाटिया ने कहा कि शहर में बने आश्रय स्थल खोले जाएं ताकि गरीब वर्ग के लोगों को ठंड से बचाया जा सके। उन्होंने कहा सतना शहर के कुछ स्थानों में ही अलाव की व्यवस्था की गई है लेकिन इससे गरीब लोगों को बचाया नहीं जा सकता इसलिए जिला प्रशासन को चाहिए कि शहर के अंदर बने रैन बसेरा जैसे स्थान पर इन्हें ठहराया जाए क्योंकि इनके पास आश्रय न होने के कारण यहां वहां भटकते अपनी रात गुजारते हैं ऐसे में उन्हें बचाने के लिए प्रशासन को ध्यान देना चाहिए।

### स्वामी विवेकानंद जयंती पर आज होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार

**सतना।** प्रदेश में 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिन युवा दिवस के मौके पर सामूहिक सूर्य नमस्कार आयोजित किया जा रहा है। इसी दिन प्रदेश के विद्यालयों, महाविद्यालयों,आश्रम शालाओं और ग्राम पंचायतों में स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायक शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी नीरव दीक्षित ने बताया कि सामूहिक सूर्य नमस्कार 12 जनवरी को प्रातः 9 से प्रातः 10:30 बजे तक होगा।

## गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं के बीच मारपीट, बाल पड़कर खींचा और घसीटा

# लात घूंसे भी बरसाए, मौके पर पहुंची पुलिस

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के गर्ल्स कॉलेज में गुरुवार को छात्रों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। खबर यह भी है कि यहां पर जमकर बवाल भी मचाया। दोनों ने एक दूसरे के साथ मारपीट की। हालात बेकाबू होने पर पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले पर काबू पाया।





सतना।

कॉलेज के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इंदिरा कन्या महाविद्यालय के परिसर में गुरुवार की दोपहर दो छात्राओं के बीच मारपीट हो गई। दोनों एक दूसरे के बाल पकड़ कर खींचती रहीं,लात-घूंसे बरसाती रहीं और दोनों को झगड़ते देखने वहां तमाशबीन छात्राओं का मजमा लगा रहा। हालांकि कुछ छात्राओं ने उन्हें रोकने की भी कोशिश की लेकिन वे रुकने को तैयार नहीं हुईं। इसी बीच किसी ने सिटी कोतवाली पुलिस को सूचना दे दी लिहाजा पुलिस कर्मी वहां पहुंच गए।

### प्रिंसिपल ने लगाई फटकार

पुलिस ने दोनों को अलग कराया और प्रिंसिपल के पास ले गई। प्राचार्या नीलम रिछारिया ने दोनों से पूछताछ की और फटकार लगाते निष्कासन की चेतावनी दे दी। बताया जाता है कि आपस में झगड़ने वाली छात्राओं में से एक द्वितीय वर्ष और दूसरी छात्रा थर्ड ईयर की स्टूडेंट है। दोनों कहीं एक ही सेंटर में कम्प्यूटर ट्रेनिंग करती हैं। उनके बीच वहां विवाद हुआ था। वही विवाद उनके बीच कॉलेज कैंपस में भी गरमा गया और एक दूसरे को देखते ही दोनों झपट पड़ीं। प्राचार्या डॉ नीलम रिछारिया ने बताया कि दोनों छात्राओं को चेतावनी दी गई है कि ऐसी हरकत दोबारा कॉलेज कैंपस में होने पर उन्हें निष्कासित कर दिया जाएगा।

### मारपीट की असल वजह नहीं पता चली

गर्ल्स कॉलेज में दोनों छात्रों के बीच हुई मारपीट की घटना की असल वजह क्या है यह फिलहाल पता नहीं चली है छात्राओं के बीच दबी जुबान पर तमाम तरह की चर्चाएं हो रही थी लेकिन कोई भी कुछ खुलकर बताने को राजी नहीं था। आसपास के लोग भी घटना की असल वजह से अनभिज्ञ थे।

# रीवा रोड पर सरेआम गुंडागर्दी, राहगीरों को पीटा... गाड़ियां तोड़ी!!

### पुलिस का खौफ नहीं, दहशत में लोगों ने नहीं लिखायी रिपोर्ट

सतना।



गुरुवार को यहां रीवा रोड पर सिंधु स्कूल के सामने सरेआम गुंडागर्दी देखने को मिली। युवकों ने यहां से गुजरने वाले राहगीरों को पीटा और उनके वाहान भी तोड़े। महत्वपूर्ण बात तो यह है कि आसामाजिक तत्व तांडव करते रहे उन्हें पुलिस का खौफ नहीं था।नतीजा यह हुआ की दहशत की वजह से लोग थाने भी नहीं गए और किसी भी प्रकार की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई। जानकारी के मुताबिक,शहर में रीवा रोड पर स्थित सिंधु स्कूल के गेट के ठीक सामने गुरूवार की दोपहर लगभग पौने 3 बजे बाइक सवार लड़कों ने खुलेआम दहशतगर्दी की। सिंधु स्कूल की यूनिफॉर्म में नजर आए एक लड़के के साथ बाइक से पहुंचे 5- 6 लड़कों ने पहले तो स्कूल के गेट पर डंडे मारे और फिर गाली गलौज करते हुए राहगीरों पर टूट पड़े। उस दौरान वहां से बस गुजरी तो उस पर भी उन्होंने डंडे बरसाए,ऑटो चालक को पीटा और अगर बाइक सवार मिला तो उसकी भी पिटाई की। सड़क पर दौड़- दौड़ कर लगभग 15 मिनट तक उत्पात मचाते रहे इन लड़कों ने एक बाइक सवार को तो डंडे से इस कदर पीटा कि उसके कपड़े तक चीथड़ों में बदल गए। उसकी बाइक भी टूट गई। किसी तरह वह जान बचाकर वहां से भाग पाया। उपद्रवियों ने सड़क पर खड़े मिले वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। बाद में जैसे ही स्कूल का गेट खुला और वहां से कुछ शिक्षक बाहर निकले तो लड़के भाग खड़े हुए।एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि वहां का नजारा कुछ ऐसा हो गया था कि सरेआम हो रही मारपीट को रोकना तो दूर कोई वहां आसपास कोई रुकने में भी डर रहा था। क्योंकि जो भी वहां माजरा समझने के लिए भी रुक रहा था,उसकी भी पिटाई हो रही थी। लड़कों ने करीब 8-10 लोगों के साथ मारपीट की है, ऑटो और कई बाइकें तोड़ी हैं।

# लावारिस खड़ी सात साल बाद पहुँची बिना इंजन की फायर ब्रिगेड

### नहीं है आवक-जावक में कोई एंट्री

**मैहर।** नगर पालिका में 7 साल बाद अचानक पहुंची बिना इंजन की फायर ब्रिगेड ने खूब सुर्खियां बटोरी थी अधिकारियों की कारगुजारियों का इससे बड़ा नमूना शायद ही कोई और हो। लगभग 1 महीने से ऊपर हो गए किंतु अब तक इस फायर ब्रिगेड के मामले में दोनों ही पक्षों से कोई भी कार्यवाही नहीं हो सकी है। रिटायर्ड सीएमओ रमाकांत शुक्ला बिना इंजन की फायर ब्रिगेड भेज कर खानापूर्ति कर चुके हैं। तथा मैहर नगर पालिका के जिम्मेदार फाइल आगे बढ़ाने में असमर्थ दिखाई दे रहे हैं।


### मामले में बड़ा खेल होने की संभावना

बिना इंजन की फायर ब्रिगेड के मामले में बड़ा खेल होने की पूरी संभावना नजर आ रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जैसे ही मामला ठंडा पड़ेगा उसके बाद कागजी कार्यवाही पूरी कर खाना पूर्ति कर दी जाएगी तथा बड़ा लेन-देन कर मामला निपटा दिया जाएगा।सूत्रों की माने तो उक्त बिना इंजन की फायर ब्रिगेड का पंचनामा बनाकर नगर पालिका के यार्ड में खड़ा कर दिया गया है। जिसकी आवक जावक में कोई एंट्री ही नहीं है,क्योंकि नगर पालिका मैहर ने बिना इंजन की फायर ब्रिगेड को स्वीकार ही नहीं किया है और रिटायर्ड सीएमओ को यथा स्थिति में फायर ब्रिगेड लौटाने को



कहा गया है ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि जब नगर पालिका की आवक में फायर ब्रिगेड की कोई एंट्री ही नहीं है तो यह बिना इंजन की फायर ब्रिगेड नगर पालिका के आधिपत्य वाले यार्ड में कैसे खड़ी हुई है? क्या इसका कोई किराया वसूला जा रहा है या मुफ्त सेवा प्रदान की जा रही।

# रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड्स 2024 (रायला-2024) का आयोजन




सतना।

रोटरी इंटरनेशनल डिसि्ट्रक्ट 3120 द्वारा इस वर्ष रोटरी यूथ लीडरशिप अवाड्र्स 2024 (रायला-2024) का आयोजन रोटरी क्लब सतना एवं रोटरेक्ट क्लब सतना के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 13 एवं 14 जनवरी 2024 को स्थानीय विट्स कॉलेज,करही रोड,सतना में किया जा रहा है। यह आयोजन 14 से 30 वर्ष की आयु समूह के युवक/युवतियों के लिए व्यक्तित्व विकास के लिए अनुपम अवसर देता ही है उनके अंदर नेतृत्व क्षमता एवं सहयोग एवं सह-अस्तित्व के भाव को भी नए आयाम प्रदान करने में सहायक होता है। दो-दिवसीय इस आयोजन में प्रतिभागी विभिन्न परिवेश के नए मित्रों से परिचित भी होते हैं एवं विविध विषयों पर विषय विशेषज्ञों से अपने कैरियर निर्माण के संदर्भ में मार्गदर्शन भी प्राप्त करते हैं।यही नहीं दोनों दिन गीत संगीत,खेल,रंगारंग कार्यक्रम,कैंप फायर,पतंगबाजी जैसे मनोरंजक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। सभी प्रतियोगिताओं के विजेता पुरुष्कृत किए जाएंगे एवं प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिए जाएंगे । अभिभावकों से अनुरोध है कि शीघ्रातिशीघ्र पंजीयन करालें क्योंकि स्थान सीमित हैं।

# मारुति नगर में सीवर लाइन के काम के दौरान मिट्टी धसकने से मजदूर फंसा







### मिट्टी के ढेर के ऊपर से लोगों की आवाजाही के कारण हुई घटना

सतना।

कोलगवां थाना क्षेत्र के मारुति नगर इलाके में गुरुवार की शाम सीवर लाइन के काम के दौरान मिट्टी धसकने से एक मजदूर मलवे में दब गया। घटना के बाद यहां हड़कंप मच गया। देर शाम तक जेसीबी और पोकलेन मशीन के कीमत से मजदूर को निकालने का काम जारी रहा। बताया जाता है कि घटना उस वक्त घटी जब मजदूर गहरे गड्ढे में था और गड्ढे के ऊपर दोनों साइड मिट्टी के ढेर से लोग आवाजाही कर रहे थे। इसी दौरान मिट्टी धशक गई और मजदूर मलवे में दब गया। मजदूर दूसरे राज्य का रहने वाला है परिवार के लोगों के साथ सतना में आकर काम कर रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए थे। उल्लेखनीय कि इसके पहले भी इसी इलाके में एक मजदूर लाइन के गड्ढे में दब गया था।

# दुल्हन की तरह सजाया जा रहा ललितांबा महाशक्ति पीठ रमपुरवा धाम आश्रम

### रामलला की मूर्ति स्थापना को लेकर भारी उत्साह

सतना।

आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। जिसको लेकर देश ही नहीं विदेश में भी उत्साह बना हुआ है और हर भारतीय रामलला के स्वागत में मगन हो रहा है। इस कार्यक्रम के लिए उत्तरप्रदेश के अयोध्या में ही नहीं बल्कि देश भर में भव्य तैयारियां चल रही हैं। इसी परिपेक्ष्य में सतना जिले के ललितांबा महाशक्ति पीठ रमपुरवा धाम आश्रम उचेहरा में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है और ललितांबा पीठाधीश्वर आचार्य जयराम दासजी महाराज के मार्गदर्शन में आश्रम को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है और दीपावली की तरह ही हजारों दीपक से आश्रम में जगमगाती हुई रोशनी लगाई जाएगी। इसकी तैयारी युद्ध स्तर पर की जा रही है और आश्रम में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है। इसके साथ ही उचेहरा के मठ मंदिरों में भी तैयारी की जा रही हैं।





### एलईडी स्क्रीन पर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव नजारा देखा जाएगा

नगर के सभी बाजार राममय होने को तैयार है। हर मार्केट में 22 जनवरी और उससे पहले कई तरह के धार्मिक कार्यक्रम होने हैं। सभी ने बाजारों को सुंदर भगवा झंडों और लाइटिंग से सजाने की योजना बनाई है। कुछ बाजारों में डेकोरेशन शुरू हो गई है। कई धार्मिक संगठन के पदाधिकारी जनजागरण अभियान में जुट गए हैं। दुकान-दुकान जाकर व्यापारियों से आह्वान किया जा रहा है कि श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को धूमधाम से मनाना है। अयोध्या से आए अक्षत भी गांव-गांव में वितरित किए जा रहे हैं। हर युवा बुजुर्ग महिलाएं धार्मिक संगठनों से जुड़े लोग उत्साहित हैं। 22 जनवरी को बड़ी दिवाली के तौर पर मनाने की योजना है।

### क्या कहते हैं श्रद्धालु भक्त

लंबे समय के इंतजार के बाद भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है और यह हमारे लिए सबसे खुशी का समय है और इसका हम स्वागत कर रहे हैं। अब इंतजार की घड़ियां समाप्त हो गई हैं और हमारे इष्ट देव भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। जिसको लेकर हम सभी में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है।

**रविदास जी महाराज**

**आम इश्तहार**

प्रति, पार्थ सारथी द्विवेदी पिता केशव प्रसाद द्विवेदी उम्र 40 वर्ष निवासी बोस कॉलोनी मैहर, तहसील मैहर, जिला मैहर म.प्र. ......नोटिसी

महोदय, आप नोटिसी को यह सूचित किया जाता है कि आप नोटिसी के द्वारा मेरे पक्षकार संतोष गौतम पिता श्री केशव प्रसाद गौतम दोनो निवासी ग्राम हरनामपुर मैहर, थाना व तहसील मैहर, जिला मैहर म.प्र. को अपने एक्सिस बैंक शाखा सतना का चेक कमांक 276753 जो कि खाता क्रमांक 921020001914186 से संबंधित चेक दिनॉक 04.12.2023 एवं चेक क्रमांक 276752 जो कि खाता क्रमांक 921020001914186 से संबंधित चेक दि. 05.12.2023 का दिया गया था। उक्त दोनों चेकों को नगदीकरण बावत मेरा पक्षकार स्टेट बैंक ऑफइण्डिया शाखा मैहर में जमा किया था। जहां से चेक क्रमॉक 276752 दि. 08.12.2023 को 'पेमेन्ट स्टॉप बाई ड्रावर' एवं चेक कमॉक 278753 दिनॉक 07.12.2023 को आपके खाते में पर्याप्त रकम न होने के कारण मेरे पक्षकार को वापस कर दिया गया है। उक्त अनादरण की सूचना मेरे पक्षकार द्वारा आपको आपके स्थायी पते पर पृथक पृथक भेजी गई है, लेकिन आप नोटिसी के द्वारा जानबूझकर उक्त मॉगपत्र की सूचना अदम तामील करवाकर वापस करवा दी गयी है। अतः इस आम इश्तहार प्रकाशन के माध्यम से आप नोटिसी को यह सूचित किया जाता है कि इश्तहार प्रकाशन दिनॉक से 15 दिवस के अंदर आप नोटिसी इस प्रकाशन में वर्णित दोनों चेकों से संबंधित राशि मेरे पक्षकार को भुगतान कर पावती प्राप्त कर लेंवे, अन्यथा बाद मियाद मेरा पक्षकार आपके विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगा। अतः आप सूचित होवे।

भवदीय- अनिल औतम, एडवोकेट मैहर

## खबर संक्षेप

### 12 जनवरी को युवा उत्सव

**पन्ना।** युवा दिवस 12 जनवरी को पूरे देश में मनाया जायेगा। राष्ट्रीय युवा उत्सव कार्यक्रम नासिक, महाराष्ट्र में आयोजित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम पूरे देश में प्रसारित होगा। इस क्रम में राज्य स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम में युवा कलाकार कत्थक नृत्य, लोकगीत और लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे।

### भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**पन्ना।** नेहरू युवा केंद्र पन्ना के तत्वाधान में मेरा भारत विकसित भारत 2047 भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में डाइट प्राचार्य रविप्रकाश खरे सहित प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में चौताली चक्रवर्ती, कीर्ति खरे, प्रमोद खरे, सुमन खान, कविता खरे उपस्थित थीं। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे मनीष त्रिपाठी, द्वितीय स्थान पर चयनित अमृता उरमलिया एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली स्नेहलता लोधी को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक अनूप शर्मा एवं आदर्श कुशवाहा व सत्यम शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

### बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम पर हुई कार्यशाला



**पन्ना।** महिला सशक्तिकरण सप्ताह की गतिविधि अंतर्गत आज वन स्टॉप सेन्टर पन्ना में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह की रोकथाम के लिए उपस्थित प्रतिभागियों को शपथ भी दिलाई गई। कार्यशाला में वन स्टॉप सेन्टर की प्रशासक किरण खरे सहित किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य आशीष बोस एवं संरक्षण अधिकारी पवन साहू भी उपस्थित रहे।

### सलेहा में तीन दिवसीय श्री लीला समारोह 16 जनवरी से

**पन्ना।** संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से पवित्र आस्था स्थल सलेहा में तीन दिवसीय श्री लीला समारोह 16 से 18 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में श्रीराम कथा के चरितों पर आधारित श्री हनुमान, भक्तिमति शबरी एवं निषादराज की लीला नाट्य प्रस्तुतियां होंगी।

### सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आज

**पन्ना।** स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस 12 जनवरी युवा दिवस के अवसर पर आयोजित सूर्य नमस्कार का मुख्य कार्यक्रम शहर के डायमण्ड हाईस्कूल में सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक होगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह शामिल होंगे। सूर्य नमस्कार आयोजन में जनप्रतिनिधि सहित अधिकारीगण, स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा।

### 7 बर्ष से फरार आरोपी स्थाई वारण्टी को पन्ना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमानगंज।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा स्थायी एवं गिरफ्तारी वारण्टों की अधिक से अधिक तामीली हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# धान खरीदी केन्द्र गौरा में अव्यवस्था व रात में तुलाई को लेकर लग रहे आरोप

## सोशल मीडिया में वायरल वीडियो चर्चा का विषय








किसानों से जुड़ा हुआ मामला किसानों की फसल खरीफ की धान खरीदी में जहां प्रशासन के द्वारा चाक-चौबंध व्यवस्था के बाद भी सेंध मारी जैसे हालात चर्चा में आ जाते है आखिर सच्चाई तो किसानों की दास्तां व परेशानी को लेकर ही आती है कहां क्या हो रहा है यह कौन जिम्मेदार है प्रशासन की कार्यप्रणाली में जहां इस बार धान खरीदी केन्द्रो में किसानों की समस्यायें न बनें यह राह तय करी दी गई थी फिर भी खामियां जांच का विषय।

**पन्ना।**

जिले में धान खरीदी केन्द्रों में प्रशासन के द्वारा ठोस पहल करते हुये दिशा तय की गई थी वहीं किसानों के खाते में समय पर राशि भी मिल सके इसको लेकर भी जिम्मेदारी निहित की गई थी वहीं कई समितियों में मामले अजीबो-गरीब भी आ जाते है उदाहरण को लेकर शोशल मीडिया में हो रहा वीडियो वायरल खरीदी केन्द्र गौरा का मामला जहां किसानों के द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि रात्रि में यहां काम होता है दिन में तो दिखावा है वहीं 100 रूप्ये प्रति क्विंटल सुविधा शुल्क भी लिये जाने के आरोप वीडियो में बयां हो रहे है। आखिर किसानों की समस्याओं की परेशानियां भी किसान अपने आप से अपनी बीती बता रहे है। प्रशासन क्या ऐसे मामलों पर गौर करेगा यह तो जिम्मेदार ही जानें जहां जिले में साफ-स्वच्छ दिशा तय करते हुये किसानों को कोई समस्या न हो धान खरीदी केन्द्रों में सुविधाजनक तरीके से किसानों की फसल धान की तुलाई हो सके वहीं समय पर किसानों के खाते में राशि भी पहुंचे पर इस तरह के मामले जहां स्वयं ही प्रशासन की दिशा पर सेंधमारी जैसे हालात को लेकर चर्चा में है। देखना यह है कि क्या समय पर पड़ताल की जायेगी ताकि ऐसी दास्तां पर लगे विराम।

# सुदर्शन छात्रावास के छात्राओं को भेंट की खेलकूद सामग्री

## लीनेस क्लब पन्ना की बहनों ने जरूरत मंद को बांटे कम्बल





**पन्ना।**

लीनेस क्लब पन्ना 2017 से लगातार समाज सेवा कार्य में लगा हुआ है ।क्लब का मुख्य उद्देश्य सेवा भाव है। लीनेस क्लब एक समाज सेवी संस्था है। समाजसेवी एक ऐसा व्यक्ति जो निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करता है। लीनेस क्लब की अध्यक्ष रचना पाटकर ने अपने कार्यकाल के अंतिम कार्यक्रम किये। जो कि पार्क में सभी जरूर मंद जरूरतमंद को 40 कंबल वितरित किये। असुदर्शन छात्रावास के मुख्य कार्यवाहक योगेंद्र सिंह भदोरिया जी की उपस्थिति में बच्चों को प्रोत्साहित किया। बच्चों को खेल सामग्री और संगीत सामग्री वितरित की गई। जिसमें क्रिकेट किट, फुटबॉल, हारमोनियम, ढोलक, मंजीरा वितरित किए जिससे कि बच्चों का रुझान पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक खेलकूद में भी रहे। संगीत का महत्व शिक्षा में भी होता है यह बच्चों की मानसिक विकास को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष रचना पाटकर, सचिव शिखा पांडे, कोषाध्यक्ष शालिनी जायसवाल, चेयरपर्सन राखी पाटकर, चेयरपर्सन शशि वाला त्रिपाठी, चेयरपर्सन मनीष दीक्षित, साधना पटकर ,निधि पटेरिया ,अंजलि गोस्वामी, अंजली सिंह, माला जैन ,सुनीता गुप्ता, संगीता राय, श्वेता गुप्ता, कुमकुम राजे, उषा मिश्रा, स्मिता पाठक, संजू ठाकुर, प्रियंका शिवहरे, मुदिता निगम, वर्षा जैन, अमिता तिवारी, किरण सिंह उपस्थिति रही सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## राज्यपाल का आगमन 13 जनवरी को

# ग्राम चौपरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में होंगे शामिल

### जनवार गांव में भ्रमण कर ग्रामवासियों से करेंगे संवाद

**पन्ना।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल शनिवार, 13 जनवरी को एक दिवसीय प्रवास पर पन्ना आएंगे। राज्यपाल श्री पटेल ग्राम पंचायत सकरिया के चौपरा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होंगे। इसके उपरांत ग्राम जनवार पहुंचकर ग्रामवासियों के साथ संवाद कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने राज्यपाल के भ्रमण के दृष्टिगत कार्यक्रम व अन्य व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय को संपूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह को संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था का नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह एसडीएम अशोक अवस्थी को मजिस्ट्रेट ड्यूटी सहित सत्कार व्यवस्था, सर्किट हाउस में कक्ष आरक्षण व भोजन व्यवस्था, जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ अशोक कुमार चतुर्वेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊदल सिंह ठाकुर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एसआरएलएम प्रमोद शुक्ला, उप संचालक कृषि ए.पी. सुमन और जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश मिश्रा को जनवार में भ्रमण और स्केटिंग रिंग में संवाद के लिए आवश्यक दायित्व सौंपा गया है। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री एस.के. पाण्डेय को ग्राम चौपरा के कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, समतलीकरण, मंच लगवाने, सकरिया हवाई पट्टी



की व्यवस्था और सकरिया हवाई पट्टी से चौपरा, चौपरा से जनवार और जनवार से सर्किट हाउस पन्ना की सड़क के दुरूस्तीकरण तथा पुलिस लाइन में हेलीपैड व्यवस्था, जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों को मंच से हितलाभ वितरण, परियोजना अधिकारी मनरेगा संजय सिंह परिहार को कार्यक्रम संचालन, मेरी कहानी-मेरी जुबानी कार्यक्रम के हितग्राही चयन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और संपूर्ण मंच बैठक व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह जनपद पंचायत पन्ना के सीईओ आनंद शुक्ला, सहायक संचालक उद्यानिकी पी.के. श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी सूर्यभूषण मिश्रा, प्रभारी तहसीलदार देवेन्द्रनगर मणिराज बागरी तथा सभी जिला विभाग प्रमुखों को भी आवश्यक दायित्व सौंपा गया है।



# पवई पुलिस ने पकड़ी सात पेटी अवैध शराब, एक आरोपी गिरफ्तार

**पवई।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय आरती सिंह एवं एसडीओपी सौरभ रत्नाकर के निर्देशन में रात्रि देहात भ्रमण के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी की ग्राम बड़खेड़ा में स्कूल के पास खेत में बनी मढैया में एक व्यक्ति अवैध शराब बेचने के उद्धेश्य शराब की पेटियां रखे हुये है मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बड़खेड़ा स्कूल के पास खेत में बनी मढैया में देखा तो एक व्यक्ति पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे घेरा बंदी करके पकड़ा जिसने अपना नाम श्याम सिंह उर्फ छोटे पिता पुरुषोत्तम घोसी निवासी बरखेड़ा बताया पुलिस ने मड़ैया में रखी शराब की पेटियों को खोल कर देखा जिसमे चार पेटी सफेद प्लेन मदिरा तीन पेटी मसाला कुल सात पेटी शराब जिसमे 63 लीटर शराब कुल कीमती 26500 रुपए की जप्त की गई और आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी पवई सुधीर कुमार बेगी उप निरीक्षक सावित्री सिंह ,सहायक उप निरीक्षक राघवेंद्र सिंह प्रधान लोकपाल सिंह, प्रधान आरक्षक प्रधान आरक्षक गणेश सिंह लखन लाल लखन लाल प्यासी अशोक प्रजापति, आरक्षक रनजीत सिंह संजय पटेल महेश विश्वकर्मा सुशील कॉल राजेश पटेल एवं शिवानी सिंह की अहम भूमिका रही।

## गुनौर विधायक क्या अपने वादे के तहत किसानों को पानी उपलब्ध कराने

# भितरी-मुटमुरू बांध व कैनाल के निर्माण को लेकर समय पर देंगे अंजाम

**पन्ना।**





जिले की राजनीति में युवा तेज तर्रार छवि को लेकर डॉ. राजेश वर्मा गुनौर विधायक जाने जाते है। जिनकी स्वयं की सोच किसानों को पानी और युवाओं को रोजगार दिलाने के नाम पर लक्ष्य के साथ है। वहीं चुनावी समय में भी इनका वादा चर्चा में आया था। सच्चाई को लेकर आज भी भितरी-मुटमुरू डेम जो एक बार फूटने के बाद दूसरी बार बनने का इंतजार कर रहा है। वहीं गुनौर विधायक से आम जनता व किसानों को है उम्मीद भितरी-मुटमुरू बांध को बनने को लेकर।

गुनौर विधानसभा क्षेत्र के किसानों की तकदीर बदलने को लेकर भितरी-मुटमुरू बांध व कैनाल के निर्माण को लेकर माना जा रहा है। यह बांध बुन्देलखण्ड पैकेज से लगभग 2013 में बनाया गया था। जो पहली बार बनने के बाद पहली ही बारिश में पत्ते की तरह ढह गया था। बांध फूटने के बाद कार्यवाही चर्चाओं में जरूर रही वहीं दूसरी बार बांध के बनाये जाने को लेकर अब वह जमीन जहां बांध बनाया गया था कितनी जमीन डूब में आती थी उसमें फारेस्ट की जमीन निकल आई पहले जब बांध बना था तब यह जमीन अधिकारियों को नजर नहीं आई। आखिर बांध फूटने के बाद यह जमीन फारेस्ट के एनओसी व बदले में जमीन की कार्यवाही को लेकर बांध को ठण्डे बस्ते में कार्यवाही को लेकर ही तय कर दिया गया। अब गुनौर विधानसभा से विधायक डॉ. राजेश वर्मा के बनने के बाद निश्चितौर पर भितरी-मुटमुरू डेम बनने के आसार उम्मीदों को लेकर माने जा रहे है। वहीं चुनावी वादे का समय कहें या कि इनकी सोच जहां किसानों को पानी व युवाओं को रोजगार को लेकर चर्चा में है। सबसे बड़ी सौगात गुनौर विधानसभा को सिचाई की सुविधा को लेकर भितरी-मुटमुरू डेम व कैनाल बनने के बाद सामने आयेगी। जहां से किसानों की तकदीर बदलेगी, सिंचाई सुविधा से कृषि के क्षेत्र में जो बदलाव आता है वही किसान की तकदीर बदलने को लेकर दिशा तय करती है। यह सिंचाई सुविधा ही आधार होती है जो गुनौर विधानसभा में विशेष कुछ क्षेत्र को भितरी-मुटमुरू डेम बनने के बाद ही जाना जायेगा। जो आज भी अपनपे बनने को लेकर आंसू बहा रहा है वहीं भितरी-मुटमुरू डेम बनाने को लेकर कितनी संवेदनशीलता गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा सामने आती है। यह भी इनकी इस पारी में जाना जायेगा। सबसे बड़ा दायित्व सामने है जनहित को लेकर कब तक सफलता के पायदान तय होगें, यह वक्त ही तय करेगा।

# मांस की दुकानों को लेकर प्रशासन के साथ चर्चा करके ठोस पहल की

**पन्ना।**



अजयगढ़ महाराज अपने आप में अलग ही छवि को देखकर जाने जाते है। जिनकी सीधी सोच आम जनता के हित में जानी जाती है। राजनीति से दूर रहकर फिर भी जनहित की ओर गौर करने को लेकर जहां मांस की दुकानों को लेकर आम जनता की शिकायतों पर तहसील प्रशासन से चर्चा कर जाने हालात ठोस पहल को लेकर की बात प्रशासन कब तक बाखूबी व्यवस्था को लेकर निभायेगा दायित्व। यह तो नगर पंचायत प्रशासन के संज्ञान में आया जिनसे आगे की राह होगी तय।

जिले की अजयगढ़ नगर पंचायत में जहां आम जनता की शिकायत पर अजयगढ़ महाराज अजयराज सिंह ने गौर करते हुए जहां मांस मछली आदि की दुकानों को लेकर स्थाई व्यवस्था के बारे में अजयगढ़ तहसील प्रशासन व नपा के जिम्मेदार अधिकारियों से हालात जाने जहां राजापुर बस्ती के सड़क मार्ग के पास दुकानों के निर्माण को लेकर जानकारी भी प्रशासन के द्वारा दी गई है। गौर तलब बात यह है कि अजयगढ़ महाराज जिनकी सोच व कार्यप्रणाली आम जनता के हित में सामने आई है। वैसे भी राजनीति से दूर रहकर अपने आप में अलग व्यक्तित्व के धनी माने जाते है। अजयगढ़ रियासत जहां स्टेट समय में भी सवाई स्टेट के नाम से विख्यात थे। वहीं आज भी अजयगढ़ महाराज अजयराज की सोच अपने आप में जहां साफ-स्वच्छ छवि को लेकर जानी जाती है। जिनकी सोच बड़े इरादों के साथ नगर के हित को लेकर साथ ही सम्पूर्ण अजयगढ़ क्षेत्र से विशेष लगाव को लेकर मानी जाती है। वह सामने आई जब आम जनता की समस्या के निदान को लेकर महाराज अजयराज सिंह ने प्रशासन के साथ हालात जानकर सीधी बात करते हुए समस्या के निदान को लेकर पहल की। देखना यह है कि नपा प्रशासन जिनकी जिम्मेदारी है कब तक इस समस्या के निदान को लेकर राह तय करेगी।

खबर संक्षेप

## सामूहिक सूर्य नमस्कार आज

**छतरपुर।** स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस, युवा दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी 2024 शुक्रवार को छतरपुर शहर के साथ शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय क्रमांक 01 में जिला प्रशासन छतरपुर एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम प्रातः 8:30 बजे से आयोजित किया गया है।

## सीएम स्वेच्छा अनुदान से 2.80 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**छतरपुर।** सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 7 लोगों के बेहतर उपचार के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान मद से 2.80 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। सुनीता पति रामलाल साहू निवासी ग्राम नारायणपुरा पोस्ट नंदगाय को 15 हजार, किशुन प्रसाद पिता राजाभैया निवासी नाथपुर को 40 हजार, विष्णु पिता खेमजी आदिवासी निवासी ग्राम चाचई सेमरा को 70 हजार, भागचंद पिता दिवानदीन सेन निवासी विद्याधर कालोनी खजुराहो को 50 हजार, नीतेश पिता बलराम वासुदेव निवासी ग्राम झिरियाखेरा बुदौर को 65 हजार और राज पिता दीपक सेन निवासी सटई रोड छतरपुर को 40 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

## 6 फरार आरोपियों पर इनाम घोषित

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक छतरपुर अमित सांघी ने 6 फरार आरोपियों को पकड़वाने या सूचना देने के संबंध में नगद पुरस्कार घोषित किया है। फरार आरोपी बृजराज पिता कृपाल सिंह, दीवान पिता कृपाल सिंह, लोकेन्द्र पिता त्रिलोक सिंह तीनों निवासीगण ग्राम कसार थाना जुझारनगर पर 3-3 हजार रूपए तथा राघवेन्द्र पिता परशुराम यादव उम्र 28 साल निवासी ग्राम हनुपुरा/हीरापुर थाना बार तहसील तालबेहट जिला ललितपुर उ.प्र. पर 5 हजार रूपये और ऋषि पिता नाथूराम मिश्रा निवासी नारायणपुरा रोड सीताराम कालोनी छतरपुर थाना कोतवाली व एक अज्ञात आरोपी पर 10-10 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया है।

## कलेक्टर ने जिले में स्थानीय अवकाश किये घोषित

**छतरपुर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. ने छतरपुर जिले में वर्ष 2024 के लिए छतरपुर जिला अंतर्गत तीन त्यौहारों/पर्व पर स्थानीय अवकाश घोषित किये है। 15 जनवरी मकर संक्रांति, 27 मार्च भाईदोज (होली) और 12 नवम्बर देवउठनी ग्यारस को संपूर्ण जिला अंतर्गत स्थानीय अवकाश घोषित रहेगा।

## कलेक्टर की पहल पर ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को मिली लाइब्रेरी की सुविधा

**छतरपुर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. द्वारा टीएल बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों, आंगनबाडि़यों एवं पंचायतों में अधिकारियों को लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। कलेक्टर श्री जी.आर. की इस पहल से बुधवार को विभिन्न ग्रामों में लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। एसडीएम लवकुशनगर राकेश शुक्ला ने बताया की कलेक्टर श्री जी.आर के निर्देशन में लवकुशनगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हरद्वार की आंगनबाड़ी एवं ग्राम खपटया, ज्योराहा के पंचायत भवन में लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया। लाइब्रेरी में ग्रामीण बच्चे शाम के समय पढ़ाई कर सकते हैं। यहां पढने की पुस्तके तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित सामग्री उपलब्ध कराई गई है। साथ न्यूज पेपर, कम्प्यूटर आदि की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने कहा कि आमजन भी इस कार्य में सहयोग कर सकते हैं। आंगनबाडियों और स्कूलों एवं अन्य शासकीय भवनों में शाम के जो बंद रहते थे अब वहां लाइब्रेरी की सुविधा विकसित होने से शिक्षा के क्षेत्र में अनोखी और सार्थक पहल साबित होगी।

# 10 करोड़ की लागत से बन रहे अस्पताल में हो रहा घटिया ईंट, डस्ट का इस्तेमाल



### समय अवधि पूर्ण होने के बाद भी नहीं बन पाया, 5 कमरे में संचालन हो रहा अस्पताल

### कलेक्टर ने कहा होगी कार्यवाही : आनंद पाठक की गैर मौजूदगी में हो रहा घटिया निर्माण कार्य

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन 10 करोड़ की लागत से 50 बिस्तर का अस्पताल बन रहा है। जिसका भूमिपूजन तत्कालीन विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी द्वारा 8 मई 2023 को किया गया था।

बड़ामलहरा।

उस समय स्वास्थ्य विभाग बीएमओ डॉक्टर हेमंत कुमार मरैया,एसडीएम विकास कुमार आनंद थे।अस्पताल परिसर में 10 करोड़ की लागत से बन रहा 50 बिस्तर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन, जिनकी समय अवधि 16 माह की थी। जो कि इंजीनियर पाठक और ठेकेदार गुप्ता की लापरवाही के चलते समाप्त हो चुकी है।

स्वाथस्य विभाग के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां पर प्रतिदिन लगभग 200 मरीजों की ओपीडी है। अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं काफी समय से 5 -7 कमरे में संचालित हो रही है। जिस वजह से अस्पताल में ईलाज करने आने वाले मरीजों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। मरीजों तरह-तरह की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। अस्पताल के कर्मचियों ने मीटिंग के दौरान मौखिक तौर पर के बन रहे भवन के संबंध में कलेक्टर को कई बार अवगत करा चुके हैं, उसके बाद भी घटिया निर्माण कार्य चल रहा है।

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम भोपाल के इंजीनियर आनंद पाठक की देखरेख में अस्पताल में यह घटिया निमार्ण काम हो रहा है। इस संबंध में जब इंजीनियर आनंद पाठक से बात की गई तो उन्होंने बताया की यह काम अभिनव गुप्ता द्वारा पेटी ठेके के आधार पर किया का रहा हैं। दरअसल इंजीनियर, ठेकेदार की मिलीभगत से 10 करोड़ की लागत से बनने वाले इस भवन में घाटिया निर्माण हो रहा है। निरीक्षण और परीक्षण के नाम पर मोटा कमीशन बाटा जा रहा है।

### अस्पताल परिसर में इंजीनियर पाठक द्वारा निर्माण संबंधी नही लगवाया गया साइन बोर्ड -




ठेकेदार अभिनव गुप्ता बेखौफ होकर घटिया किस्म की सामग्री का उपयोग कर गुणवत्ताहीन अस्पताल भवन का निर्माण करवा रहे। स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि निर्माण स्थल पर एस्टीमेट एवं डीपीआर का निर्माण स्थल पर बोर्ड लगाकर सार्वजनिक किया जाना चाहिए, लेकिन इंजीनियर आनंद पाठक के संरक्षण में ठेकेदार के द्वारा बोर्ड नहीं लगाया है। ठेकेदार के द्वारा कार्यस्थल पर न एस्टीमेट एवं डीपीआर सहित अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी का बोर्ड न लगाकर कार्य को निपटाया जा रहा है।

### सालों पुराने जंग लगे सरिया

अस्पताल परिसर में 10 करोड़ की लागत से बन रहे 50 बिस्तर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन में सालों पुराने जंग लगे सरिया, ओरछा से आ रही घटिया ईट और मिट्टी वाली बालू से हो रहा भवन का घटिया निर्माण। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह घटिया ईंटे इंजीनियर आनंद पाठक द्वारा मगवाई जा रही। इंजीनियर पाठक के चाहने वालो की ईंटे है, लोकल में भी ईंटे है, लेकिन अधिक मुनाफा के चक्कर में इंजीनियर पाठक ओरछा से घटिया ईंटे मंगवा कर लगा रहे, के लग रहे आरोप। पुराने जंग लगे सरिया निर्माण में उपयोग होते मिले। ठेकेदार के कर्मचारी इसी जंग लगे एवं पुराने भवन के निकले सरिया का उपयोग कर नए भवन का निर्माण कर रहे हैं। जंग लगे सरिया से भवन कितना मजबूत बनेगा।



### इनका कहना है

बड़ामलहरा स्वास्थ्य केंद्र भवन के निर्माण कार्य को मै दिखवाता हूं, अगर घटिया निर्माण काम चल रहा है, तो उसकी जांच करवाकर कार्यवाही करते है।

**संदीप जीआर.**
**कलेक्टर, छतरपुर**



## शैक्षणिक भ्रमण पर विद्यार्थियों ने कालिंजर किले का किया भ्रमण

**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के नर्सिंग और संगीत विभाग के छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों को विश्वविद्यालय के कुलसचिव विजय सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस शैक्षिक भ्रमण पर छात्र-छात्राओ ने ऐतिहासिक स्थल कालिंजर दुर्ग और धार्मिक स्थल में पन्ना के जुगल किशोर मंदिर प्राणनाथ मंदिर के दर्शन किये। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राऐं कालिंजर किला के इतिहास के निर्माण व उससे सम्बन्धित विभिन्न जानकारी से भी अवगत हुए। भ्रमण स्थल में नीलक महादेव मंदिर, मृगब्धारा, रानी महल, रंग महल आदि स्थल सम्मिलित हैं। संगीत विभाग के छात्र-छात्राओं ने जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में भव्य कीर्तन के साथ भगवान की आराधना कर आशीर्वाद ग्रहण किया। शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में जा रहे विद्यार्थियों से विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने वार्ता के दौरान कुछ सुझाव के साथ अपने ज्ञान को बढ़ाने एवं ऐसे शैक्षणिक भ्रमण करते रहने के लिये जागरूक किया।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम ने शैक्षणिक भ्रमण पर जाते हुए छात्र-छात्राओं के उत्साहवर्धन को देखते हुए उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ज्ञान की अभिवृद्धि प्रायोगिक कार्य करके ही प्राप्त होती हैं। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों के ज्ञान में गुणोत्तर वृद्धि होती हैं। शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों के साथ विभाग के प्राध्यापक डॉ. प्रणति चतुर्वेदी, शमा नाज, वर्षा बरहोलिया, निशी चौरसिया और गौरव शर्मा भी उपस्थित रहे।

# शराब फैक्ट्री में दम घुटने से मजदूरों की मौत के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड टीम ने किया निरीक्षण





### डिस्टलरी से फैल रहे प्रदूषण पर सागर से आई टीम ने जल के लिए नमूने, मशीन से हवा की हुई मॉनिटरिंग

नौगांव।

शहर में संचालित जैगपिन ब्रेवरीज लिमिटेड यानि कॉक्स डिस्टलरी में सोमवार की सुबह हुए हादसे में दो मजदूरों की मौत के बाद प्रशासन सख्त हो गया। एसडीएम विशा माधवानी के पत्र पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने डिस्टलरी पहुंचकर जांच की। प्रदूषण विभाग की टीम ने जांच के दौरान फैक्ट्री के अंदर ,बाहर सहित सीलप नाले के जल नमूने लिए तो वहीं फैक्ट्री के अंदर एवं आसपास के क्षेत्र से एयर क्वालिटी मापी यंत्र से हवा की क्वालिटी की मॉनिटरिंग भी की गई।

एसडीएम विशा माधवानी के निर्देश पर मध्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सागर की टीम ने गुरुवार शाम के समय कॉक्स डिस्टलरी का निरीक्षण किया। सागर से आई प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम में मुख्य रसायन अधिकारी डॉक्टर आर के जैन, जूनियर साइंटिस्ट सुनीता जौहरे, रसायन अधिकारी बलदेव सिंह की टीम ने जैगपिन ब्रेवरीज लिमिटेड कॉक्स डिस्टलरी में पहुंचकर फैक्ट्री का निरीक्षण किया। इसके बाद फैक्ट्री से निकलने वाले गंदे पानी के स्त्रोत को चेक किया की कंपनी में गंदे पानी को फिल्टर करने के लिए लगाए गए मल्टी इफेक्टिव एवऑपरेटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद टीम ने फैक्ट्री से निकलकर मल्टी इफेक्टिव एवऑपरेटर में जाने वाले गंदे पानी के सैंपल लिए तो वहीं मल्टी इफेक्टिव एवऑपरेटर सिस्टम से फिल्टर होकर बाहर निकलने वाले पानी का सैंपल लिया। इसके बाद टीम ने फैक्ट्री से हो रहे वायु प्रदूषण को मापने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने फैक्ट्री के अंदर सहित आसपास के कई क्षेत्रों से वायु में फैल रहे प्रदूषण को मापने के लिए वायु मॉनिटरिंग करते हुए सैंपल लिए। तो वहीं टीम ने फैक्ट्री के पीछे से बहने वाली सीलप नदी से भी जल के सैंपल लिए हैं। निरीक्षण करने आई टीम ने हवा एवं जल के सैंपल लेने के बाद लैब से टेस्ट रिपोर्ट मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की बात कही है तो वहीं प्रथम दृष्टया लापरवाही एवं प्रदूषण पाए जाने पर नोटिस भी जारी करने की बात कही है।

### इनका कहना है

मामले को लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पत्र लिखा गया था, इसी आधार पर सागर से तीन सदस्यीय टीम ने फैक्ट्री एवं आसपास के एरिया में जल एवं हवा के सैंपल लिए हैं, शुक्रवार को एक बार फिर टीम के द्वारा धसान नदी सहित अन्य जगह के सैंपल लिए जाएंगे। सैंपल रिपोर्ट आने पर वैधानिक कारवाई की जाएगी।

**विशा माधवानी**
**एसडीएम, नौगांव**

3 सदस्यीय टीम के द्वारा शराब फैक्ट्री एवं आसपास के क्षेत्र से जल एवं वायु के सैंपल लिए हैं। लैब टेस्ट की रिपोर्ट आने के बाद कारवाई करेंगे। प्रथम दृष्टया प्रदूषण मिलने पर नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

**डॉक्टर आर के जैन**
**मुख्य रसायन अधिकारी**
**मध्य प्रदेश नियंत्रण बोर्ड, सागर**

# बलात्कार की नियत से घर में घुसे गांव के युवक ने की थी महिला की हत्या




### एसपी ने किया खुलासा कर टीम को दिया इनाम

छतरपुर।

करीब डेढ़ माह पहले पुलिस अनुभाग नौगांव अंतर्गत अलीपुरा थाना क्षेत्र में एक महिला की हत्या का मामला सामने आया था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेकर तमाम पहलुओं की विवेचना की और महिला की हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि जिस युवक ने महिला की हत्या की थी वह उसी के गांव का रहने वाला है और बलात्कार की नियत से महिला के घर में घुसा था। गुरूवार को पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने घटना का खुलासा करते हुए विवेचना करने वाली टीम को 10 हजार रुपए का इनाम दिया।

पूछताछ में आरोपी पम्मू उर्फ परम आदिवासी ने बताया कि 28 नवंबर 2023 को उसने अधिक मात्रा में शराब का सेवन किया था। इसी दौरान उसे पता चला कि दशरथ बुनकर की पत्नी सावित्री घर के बाड़े में अकेली सोई हुई है और उसका पति दशरथ खेतों की सिंचाई करने गया है। इसके बाद वह मृतिका के साथ शारीरिक संबंध बनाने की मंशा से बाड़े में पहुंचा जहां सावित्री ने उसका विरोध करते हुए अपशब्द कहे और आवेश में आकर आरोपी पम्मू ने सावित्री का सिर पकड़ा और चारपाई पर दे मारा जिससे सावित्री बेहोश हो गई। पम्मू को डर था कि जब सावित्री होश में आएगी तो वह अपने पति को पूरी घटना बता देगी इसलिए उसने हत्या करने का मन बनाया तथा सावित्री की साड़ी को उसी के गले में लपेटकर घसीटते हुए झाडियों में फेक दिया, इसके बाद भी जब सावित्री की मौत नहीं हुई तो पम्मू ने उसे पास में ही मौजूद जगदीश पाल के कुंए में फेक दिया और मौके से फरार हो गया। उक्त कार्यवाही में अलीपुरा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक डीडी शाक्य, प्रधान आरक्षक हनुमानदीन, मुकेश, आरक्षक रामदास, अरविन्द और महिला आरक्षक भावना की सराहनीय भूमिका रही।

### 20 दिन से गायब युवक का अब नहीं मिला सुराग

**खजुराहो।** एक युवक राजनगर के बस स्टेंड परिसर में 26 दिसम्बर 2023 को आखिरी बार देखा गया,इसके बाद उसका आज दिनांक तक कोई अता-पता नहीं चल सका। गायब युवक के बड़े भाई शिवपाल केवट ने राजनगर पुलिस थाना में जाकर अपने छोटे भाई राजाबाबू केवट पिता शिवराम केवट उम्र 21 वर्ष हॉल निवास राजनगर की गुमशुदगी की रिपोर्ट दिनांक 28 दिसम्बर 2023 को दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस को बताया कि उसका भाई राजाबाबू केवट उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम हरईई थाना बंसिया हॉल निवासी राजनगर विगत 26 दिसम्बर की शाम आखिरी बार राजनगर बस स्टैंड परिसर में देखा गया। इसके बाद आज दिनांक तक उसका कोई अता-पता नहीं चल पा रहा है। फरियादी शिवपाल केवट पिता शिवराम केवट उम्र 30 वर्ष निवासी हरईई-थाना बंसिया ने बताया कि हम परिवार सहित 4 वर्षो से डॉ.बन्दी



### विकसित भारत संकल्प यात्रा में हितग्राहियों को मिला लाभ

# छतरपुर जनपद के ग्राम कैंड़ी में आयोजित हुआ कार्यक्रम

छतरपुर।

कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में जिले के 8 विकासखण्डों एवं 15 नगरीय निकायों में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। गुरूवार को छतरपुर जनपद अंतर्गत आने वाले ग्राम कैंड़ी में संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ मिला।

कार्यक्रम में अतिथियों ने हितग्राहियों को योजनाओं के प्रमाण पत्र सौंपकर हितलाभ का वितरण किया। इसके साथ ही हितग्राहियों से अपनी कहानी सुनाकर अनुभव साझा किए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंनें ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर समाधान कराया। इसके साथ ही ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले कार्यक्रम में ग्रामीणों के अलावा ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव और हल्का पटवारी भी लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### निगमायुक्त ने किया सीवरेज का निरीक्षण



**रीवा।** रीवा नगरीय क्षेत्र में चल रहे सीवरेज के कार्य में रोड़ रेस्ट्रोरेशन न किये जाने की शिकायते विभिन्न स्थानों से प्राप्त हो रही थी। जिनके निराकरण हेतु निगमायुक्त संस्कृति जैन द्वारा शहर के छत्रपति नगर, चिरहुला हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र, कमान्डेन्ट बगलॉ क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर निरीक्षण करते हुये सम्बंधित निर्माण एजेंसी को मौके पर निर्देशित किया गया कि जहॉ पर सीवर लाइन डाली जा चुकी है उस स्थल पर रोड़ रेस्ट्रोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाय। जहॉ भी रोड़ रेस्ट्रोरेशन का कार्य कराया जाना है उस सड़क पर वेरीकेटिंग करते हुये रेस्ट्रोरेशन करायें तथा क्रांकीट क्योरिंग के 2 दिन बाद ही रेस्ट्रोरेशन की गई सड़क को आवागमन हेतु खोलें, जिससे कांक्रीट खराब न हो। कार्य करते समय आवश्यक रूप से यह ध्यान रखा जाय कि आमजन को असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान नगर निगम कार्यपालन यंत्री श्री राजेश सिंह, सहायक यंत्री श्री पीएन शुक्ला, पार्षद श्रीमती अर्चना अमृतलाल मिश्रा, उपयंत्री श्री आशुतोष पाण्डेय, सीवरेज निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

### एसडीएम की शिकायत पर परिवहन स्क्वाड पर पुलिस ने की कार्रवाई



**रीवा।** कोतवाली प्रभारी ने बताया कि एसडीएम हुजूर की शिकायत पर परिवहन स्क्वाड के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली गई है, साथ ही मामले को जांच में लिया गया है। शिकायत पर परिवहन विभाग के आरक्षक मुन्नालाल मिश्रा सहित दो अन्य के विरूद्ध धारा 384, 170 एंव 171 का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। बताते चले हैं कि बुधवार के दिन नवागत एसडीएम हुजूर ने कोतवाली पुलिस के साथ मिलकर रतहरा हाइवे में लगे परिवहन स्क्वाड को वाहनों से अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए पकड़ लिया था। यहां गौरतलब बात यह है कि परिवहन विभाग द्वारा हाइवे में यातायात नियमों के विरूद्ध चलने वाले वाहनों पर दशकों से कार्रवाही करती चली आ रही है, जिसकी बकायदा रशीद भी वाहन चालकों को दी जाती है। उक्त चालानी कार्रवाही में मिला राजस्व शासन के खाते में जाता है। हाल ही में परिवहन आयुक्त ग्वालियर ने फरमान जारी करते हुए रीवा संभाग परिवहन उडनदस्ता को रीवा, सीधी, शहडोल एंव सतना जिले में यातायात के नियमों के विपरीत वाहन चलाने वालों पर कार्रवाही किये जाने का निर्देश दिया है। सोच का विषय यह है कि एक ओर जहां परिवहन आयुक्त वाहन चेकिंग का निर्देश दे रहे है वहीं दूसरी ओर नवागत एसडीएम हुजूर परिवहन स्क्वाड पर वाहन चेकिंग करने पर पकड़ कर एफआईआर दर्ज करवा रही है, ऐसे में परिवहन विभाग रीवा दो पाटों के बीच पिसता नजर आ रहा है। एक ओर आयुक्त का फरमान तो दूसरी ओर एफआईआर दर्ज होने का भय।

### समान थाना क्षेत्र में हुए एटीएम फ्राड का सायबर टीम ने खोला रहस्य

**रीवा।** समान थाना क्षेत्र अपराधियों का गढ़ बना हुआ है, आश्चर्य तो इस बात की है कि अन्य राज्यों के भी अपराधी समान थाना क्षेत्र में वारदात को अंजाम देने पहुंच रहे है। लगभग एक सप्ताह पूर्व यूपी के तीन बदमाश समान थाना क्षेत्र के एटीएम बूथ में कार्ड बदल कर एक युवक के खाते से 25 हजार रूपये निकाल लिये थे। जिसकी शिकायत समान थाना में की गई थी लेकिन वारदात के रहस्य से सायबर टीम ने पर्दा उठाया। मजे की बात तो यह है कि एक ओर जहां सायबर टीम वारदात का खुलासा करती है तो वहीं दूसरी ओर समान पुलिस वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह को पकडने में फिसड्डी साबित हो गई। बताते चले कि 2 जनवरी 2024 को शारदापुरम निवासी नरेश कुमार मिश्रा पिता भैयालाल 50 वर्ष एटीएम फ्राड गिरोह का शिकार हो गये।

---

लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस एवं सड़क सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम के लिए

# शासकीय कन्या महाविद्यालय एवं पेंटियम प्वाइंट कॉलेज में आयोजित हुआ शिविर

सड़क सुरक्षा सप्ताह 11 से 17 जनवरी 2024 तक मनाया जाना है तथा इस हेतु गतिविधियों आयोजित की जानी है। इसी के अनुक्रम में शासकीय कन्या महाविद्यालय रीवा एवं पेंटियम प्वाइंट कॉलेज रीवा में लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस के लिए शिविर का आयोजन किया गया तथा छात्रों को हेलमेट की अनिवार्यता के संबंध में बताया गया।



रीवा !

इस संबंध में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई कि वह घर बैठे अपना लर्नर लाइसेंस ऑनलाइन स्वयं बनवा सकते हैं।कन्या महाविद्यालय से प्राचार्य श्री मती विभा श्रीवास्तव जी एवं पेंटियम पॉइंट से प्राचार्य श्री ब्रह्मानंद त्रिपाठी जी उपस्थित रहे।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं या https://sarathi.parivahan.gov.in/sarathiservice/stateSelection.do पर क्लिक करें। अब ड्रॉप-डाउन सूची से अपना राज्य चुनें। इसके बाद लर्नर लाइसेंस के लिए आवेदन करें" पर क्लिक करें। फिर आधार विकल्प के साथ आवेदक का चयन करें और अपने धर से ही परीक्षा दें। इसके बाद भारत में जारी किए गए ड्राइविंग लाइसेंस के विकल्प पर क्लिक करें। अब सबमिट बटन पर क्लिक करें। इसके बाद Submit via Aadhaar authentication option पर क्लिक करें और फिर सबमिट करें। अब अपना आधार कार्ड विवरण और मोबाइल नंबर जमा करें और जनरेट ओटीपी पर क्लिक करें। इसके बाद पंजीकृत मोबाइल नंबर मिला ओटीपी दर्ज करें। फिर नियम और शर्तों को स्वीकार करने वाले बॉक्स पर क्लिक करें और फिर प्रमाणीकरण बटन पर क्लिक करें। इसके बाद लाइसेंस शुल्क का भुगतान करने के लिए वांछित भुगतान विकल्प का चयन करें। लड़कियों के लिए निशुल्क है। अब परीक्षण के साथ आगे बढ़ना है। आपको रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी और पासवर्ड मिलेगा। फिर दिए गए फॉर्म को पूरा करें और टेस्ट के साथ आगे बढ़ें। टेस्ट पूरा करें। टेस्ट पास करने के लिए आपको 20 में से कम से कम 12 सवालों के सही जवाब देने होंगे। अगर आप टेस्ट में असफल हो जाते हैं, तो आपको टेस्ट के लिए फिर से उपस्थित होने के लिए 50 रुपये का शुल्क देना होगा। आपको अपने लर्निंग ड्राइवर लाइसेंस के बाद में एक PDF पूरा करने और हासिल करने के बाद एक कंफर्मेशन मिलेगा।

और इस प्रकार आपका लर्निंग लाइसेंस बन जाएगा जिसकी वैधता 6 माह की होगी। फिर वैधता समाप्त होने के पूर्व में मेन लाइसेंस प्राप्त करना होगा

उपरोक्त कार्यक्रम में कॉलेज का प्रबंधन एवं परिवहन विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा। सड़क सुरक्षा के विषय पर आरटीओ श्री मनीष त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी। तथा यह भी बताया कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाएं एवं लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस आसानी से सारथी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्वयं बनवा लें। आज के कार्यक्रम में 250 से अधिक कॉलेज के छात्र एवं छात्राएं सम्मिलित हुए हैं । छात्र-छात्राओं स्वयं से मोबाइल के द्वारा लाइसेंस बनाने का प्रयास किया। आज 100 लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस ऑनलाइन पद्धति के माध्यम से बनाए गए। सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा संबंधी गतिविधियां सप्ताह भर जारी रहेगी ।

---

# उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने हिन्दी में एमबीबीएस की समीक्षा की

रीवा !

उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि हिन्दी में एमबीबीएस का संचालन मध्यप्रदेश के छात्रों के लिये महत्वपूर्ण पहल है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मंशानुरूप छात्रों को उनकी ही भाषा में उच्च शिक्षा प्रदान करने हेतु यह अभिनव प्रयास किया गया है। यह गर्व की बात है कि मध्यप्रदेश हिन्दी भाषा में एमबीबीएस की शिक्षा प्रदान करने वाला पहला राज्य है। मेडिकल पाठ्यक्रम को पढ़ाये जाने वाली 16 भाषाओं में अब हिन्दी भी शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय में हिन्दी में एमबीबीएस पाठ्यक्रम संचालन संबंधी कार्यक्रम की समीक्षा की।

जनवरी अंत तक हिन्दी लिप्यंतरण द्वितीय एवं तृतीय चरण का कार्य हो जाएगा पूर्ण - बैठक में बताया गया कि अब तक प्रथम वर्ष के तीनों विषयों की पाठ्यपुस्तकें हिन्दी में उपलब्ध करा दी गयी हैं। द्वितीय एवं तृतीय चरण में आगामी वर्षों की पाठ्यपुस्तकों का हिन्दी लिप्यंतरण कार्य प्रगतिरत है। उल्लेखनीय है कि हिन्दी लिप्यंतरण कार्य के द्वितीय एवं तृतीय चरण में 12 विषयों की 13 पुस्तकों में से 9 पुस्तकें हिन्दी भाषा में उपलब्ध हो गयी हैं। शेष 4 पुस्तकें भी जनवरी माह के अंत तक पूर्ण कर ली जायेंगी।



हिन्दी भाषा से एमबीबीएस पहल, छात्रों के लिए लाभप्रद सिद्ध हो रही है - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने हिन्दी भाषा में एमबीबीएस पाठ्यक्रम का लाभ ले रहे छात्रों के फीडबैक के संबंध में जानकारी प्राप्त की। लगभग 10 प्रतिशत विद्यार्थी हिन्दी भाषा की पाठ्यपुस्तकों का लाभ ले रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आगामी सत्र से अंग्रेजी के साथ हिन्दी में भी प्रश्नपत्र तैयार करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। हर मेडिकल कॉलेज में हिन्दी प्रकोष्ठ 'मंदार' का गठन किया गया है।

चिकित्सकों को समय से इनसेंटिव और दवाओं की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करें - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय, सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल आदि में चिकित्सकों को इनसेंटिव और अन्य हितलाभ समय से उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें। दवाओं एवं अन्य कंज्यूमेबल की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सुनियोजित योजना बनाये। इन कार्यों के लिए बजट उपलब्धता प्राथमिकता से कराई जाए।

हमीदिया में कैथ लैब संचालन की व्यवस्था करें - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने हमीदिया में कैथ लैब संचालन की समस्या पर संज्ञान लेते हुए निर्देश दिये कि शीघ्र संचालन की व्यवस्था करें। बैठक में अवगत कराया गया कि नई बिल्डिंग में कैथ लैब संचालन के लिए स्थान दिया गया है। जब तक नया ओपीडी ब्लॉक नहीं बनता तब तक कैथ लैब यहीं संचालित की जायेगी। जल्द ही लैब की शिफ्टिंग भी की जायेगी। इस दौरान अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मो. सुलेमान, संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. अरुण श्रीवास्तव, प्रोफेसर श्वसन चिकित्सा विभाग एवं राज्य नोडल अधिकारी हिन्दी प्रकोष्ठ डॉ. लोकेंद्र दवे, अधीक्षक हमीदिया एवं विषय नोडल हिन्दी प्रकोष्ठ डॉ. आशीष गोहिया सहित एसोसिएट प्रोफेसर ईएनटी विभाग और विषय नोडल हिंदी प्रकोष्ठ डॉ. यशवीर जेके, उप कुलसचिव एवं राज्य समन्वयक हिन्दी प्रकोष्ठ श्रीमती अमृता बाजपेयी तथा सलाहकार हिन्दी प्रकोष्ठ चिकित्सा शिक्षा श्रीमती रागिता अग्निहोत्री उपस्थित थे।

---



# भ्रस्टाचार और अवैध वसूली का फिर मामला जोर पकड़ा

**नगर परिषद मऊगंज में भ्रस्टाचारियों की भरमार व्यवस्था तार तार**

**पूर्व में उपयंत्री लोकनिर्माण ने भी भ्रस्टाचारियों के खिलाफ खोला था मोर्चा**

मऊगंज

नगर परिषद में हो रहे भ्रस्टाचार और अराजक व्यवस्था के विरोध में सत्ताधारी दल भाजपा के पार्षद लगातार जांच और कार्यवाही की मांग करते रहे है। जब भ्रस्टाचार को लेकर नगरीय प्रशासन के अधिकारियों द्वारा मामले को दबा दिया गया तो अंततः माननीय उच्च न्यायालय की शरण मे जाना पड़ा। इन सबके बीच नगर परिषद में अबैध बसूली को लेकर स.रा.नि. शाखा प्रभारी हरीश मिश्रा ने सीएमओ मऊगंज को शिकायत पत्र सौंपते हुए राजस्व शाखा के दोषी कर्मचारियों को प्रभार से मुक्त करने की मांग किया है। जिसमे सहायक राजस्व निरीक्षक ने आरोप लगाया है कि राजस्व शाखा के कर्मचारियों द्वारा वार्डो मे जाकर चल रहे निर्माण कार्यों में मनमानी तरीके अवैध वसूली कर व्यापक स्तर पर निकाय को छति पहुंचाई जा रही है एक तरफ जहां अवैध निर्माणकर्ताओ को नोटिस दी जाकर वसूली करना है दूसरी तरफ बिना रसीद काटे अवैध वसूली कर राशि को अपने उपयोग मे लिया जाकर स्वयं का हित साधा जा रहा है! उपरोक्त मामले मे कई बार वसूलीकर्ताओ को समझाया गया लेकिन उनके द्वारा मेरे निर्देश और सलाह का कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है एवं उपरोक्त कार्य बिना किसी भय के किया जा रहा है। जिससे निकाय की छवि धोमिल हो रही एवं लोगो द्वारा लगातार शिकायते प्राप्त हो रही है। सहायक राजस्व निरीक्षक मऊगंज हरीश मिश्रा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेश पटेल को सौंपे गये शिकायत पत्र में लेख किया है कि उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही की की जाय और दोषियों को राजस्व शाखा के प्रभार से मुक्त किया जाय।

---

## मतदाता पुनरीक्षण में कांग्रेस के बी.एल.ए. मुस्तैदी से जुट जाएं



**रीवा !** जिला शहर कांग्रेस की आवश्यक बैठक कांग्रेस कार्यालय रीवा में सम्पन्न हुई जिसमें उपस्थित कांग्रेस के पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली पुनरिक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं फर्जी नामों को कटवाने की प्रक्रिया में कांग्रेस पार्टी द्वारा नियुक्त समस्त बी.एल.ए. अपने-अपने बूथों में मुस्तैदी के साथ जुड़ जाऐ। बैठक में पदाधिकारियों द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए ब्लॉक, मण्डल, सेक्टर, में काम करने वालों को महत्व देने एवं बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने एवं बैठकों का आयोजन करने का निर्णय लिया गया हैं। उक्त बैठक में शहर संगठन मंत्री सज्जन पटेल, शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष वसीम राजा, मानवेन्द्र सिंह "नीरज", अनिल मिश्रा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बोदाबाग शिवेन्द्र प्रताप सिंह बघेले, अध्यक्ष चिरहुला रामकीर्ति शर्मा, अध्यक्ष ढेकहा अखिलेश द्विवेदी उपस्थित रहें।

## लूट का सुराग लगाने घटना स्थल पहुंची डीएसपी हेड क्वार्टर

**रीवा।** एक बार फिर हाइवे में लूटेरे सक्रिय हो गये। शाम ढलने के बाद वाहन से निकले वालों को शिकार बनाना शुरू कर दिये। राहगीर मौत के मुहाने में पहुंच जाये इस बात से बेफिक्र बदमाश लूट के पैसों से अय्याशी करने के लिए वारदात को अंजाम दे रहे। बुधवार की शाम एनएच 7 में रायपुर कर्चुलियान थाना अंतर्गत ग्राम कोष्ठा में लूट की वारदात हो गई। वारदात को अंजाम बाइक सवार बदमाशों ने दिया। जिसका सुराग लगाने डीएसपी हेड क्वार्टर हिमानी पाठक घटना स्थल पहुंची। लुटेरों की हवा न लगने पर डीएसपी हेड क्वार्टर ने महिला उप निरीक्षक गीतांजलि सिंह को लुटेरों तक पहुंचने के लिए दिशा निर्देश दिये है। बुधवार की शाम ग्राम खीरी निवासी सुदीप द्विवेदी अपने पत्नी को साथ लेकर शहर से गांव की ओर लौट रहे थे। बाइक में पीछा कर रहे बदमाश कोष्ठा के समीप पहुंचते ही सुदीप द्विवेदी की पत्नी का पर्स झप्पटा मार कर छीन लिये। झप्पटा इतना तेज मारे कि वे अपनी बाइक से नीचे जा गिरी और बदमाश अपने मंसूबों में कामयाब होते हुए उनके हाथों से पर्स छीन कर भाग निकले। घायल पत्नी का सुदीप ने उपचार करवाया और घटना की शिकायत रायपुर कर्चुलियान थाना में दर्ज करवाई।



बताया कि बदमाश पर्स छीन लिये जिसमें 6 हजार रूपये नगद और कीमती मोबाइल रखा हुआ था। पुलिस लूट का अपराध दर्ज कर लुटेरों का सुराग लगा रही है। ज्ञात हो कि एक समय ऐसा था कि कोष्ठा से लेकर हनुमना तक हाइवें में लुटेरों को आतंक था। लेकिन जब पुलिस उनके पीछे पड़ी तो एक-एक को तलास कर सलाखों के पीछे पहुंचा दी थी। लेकिन पुलिस की निर्षक्रियता की वजह से एक बार फिर हाइवे में लुटेरे सक्रिय हो गये।

---

# मऊगंज जिले के मदिरालय में प्रिंट रेट से ज्यादा दाम में बिक रही शराब

### आबकारी विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नही

मऊगंज

जिले मे शासन-प्रशासन व्यवस्था सुधारने में चाहे जितनी भी शक्ति बरते लेकिन जिम्मेदार अमले के कुछ गैर जिम्मेदार कर्मचारियों, अधिकारियों की मिलीभगत से शराब कारोबारी ठेकेदारों के द्वारा प्रिंट रेट से अधिक दामों में मनमाने तरीके से शराब की बिक्री की जा रही हैं। पिछले वर्ष ही कलेक्टर रीवा के आदेश पर आबकारी अमले ने प्रिंट रेट से अधिक दाम में शराब की बिक्री करते हुए कुछ शासकीय मदिरालय में कार्यवाही करते हुए दस हजार रुपए के जुर्माने के साथ 1 दिन का लाइसेंस भी निरस्त कर चुके हैं।लेकिन कलेक्टर रीवा द्वारा की गई कार्रवाई का कोई असर नहीं दिख रहा।शराब कारोबारी द्वारा समूचे जिले मऊगंज, देवतालाब, नईगढ़ी, हनुमना, शाहपुर सहित अन्य स्थानों में मनमाने रेट पर शराब की बिक्री




जारी है। शराब कारोबारियों पर किसी तरह का खौफ ना होना लोगों के मन में बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है।मऊगंज जिले के मऊगंज, देवतालाब, हनुमना एवं नईगढ़ी की कम्पोजिट शासकीय मदिरा की दुकानों में आबकारी नीति के विरुद्ध बिना रेट सूची लगाए प्रिंट रेट से अधिक दाम में ठेकेदार के द्वारा मनमाने तरीके से शराब की बिक्री की जा रही है। शराब बिक्री में दामों को लेकर आए दिन ग्राहक एवं दुकानदार के बीच बाद विवाद की नौबत बन रही है। इसके बावजूद भी आबकारी अमला सिर्फ खानापूर्ति में जुटा है। जबकि पूर्व में आबकारी आयुक्त ने सभी दुकानों में रेट सूची लगाने एवं बिल देने का आदेश जारी किया गया है। सूत्रों की माने तो जिले के कुछ खास आबकारी अधिकारियों की संलिप्तता के कारण शराब कारोबारी द्वारा मनमाने रेट पर शराब बिक्री की जा रही है। जिसका विरोध भी ग्रामीणों के द्वारा किया जा रहा है। लेकिन उनका यह विरोध ठेकेदार के ताकत और पैसे के बल पर दब जाता है। जगह-जगह जहां ठेकेदार के कार्यकर्ताओं द्वारा खुलेआम पैकारी भी कराई जा रही है। सूत्रों की माने तो यह कार्य शासकीय मदिरालय में आबकारी विभाग के अधिकारियों से मिली भगत से कर रहे हैं। जिसकी वजह से आए दिन सेल्समैन और ग्राहक के बीच दुकानों पर झगड़े होना आम बात हो गई है।उन्होंने कहा --शासकीय शराब दुकानों में यदि रेंट सूची नही लगाईं गई है। तों यह नियम विरुद्ध है।इस बिषय की जांच कराई जाएगी। वही नियम के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विधि संगत बैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

---

बिजनेस साइट

## लार्ज और मिडकैप फंड-इक्विटी में बेहतर निवेश करते हुए बेहतर रिटर्न हासिल करने में सक्षम

**रीवां।** समझदार निवेशकों के लिए, वर्तमान घरेलू आर्थिक और इक्विटी परिदृश्य वेल्थ के संरक्षण और संचय के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। यदि आप भारत की इस विकास गाथा में भाग लेना चाहते हैं और इक्विटी की क्षमता का लाभ उठाना चाहते हैं, तो म्यूचुअल फंड आपके लिए विचार करने के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। मौजूदा बाजार स्थितियों को देखते हुए, निवेशकों को लंबी अवधि के लिए वेल्थ बनाने और बनाए रखने के ठोस प्रयास में, लार्ज-कैप और मिड-कैप शेयरों के अधिकतम मिक्स के साथ बाजार में आने पर विचार करना चाहिए।



धर्मेन्द्र शुक्ला
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, रीवां

लार्ज एंड मिड-कैप योजना एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो लार्ज-कैप और मिड-कैप कंपनियों की इक्विटी और इक्विटी-संबंधित माध्यमों में अपनी कुल एसेट्स का कम से कम 35 प्रतिशत निवेश करके कैपिटल गेन उत्पन्न करना चाहती है। ऐसी एसेट्स आवंटन रणनीति के माध्यम से, मिड-कैप में स्कीम का एक्सपोजर लंबी अवधि में उच्च कैपिटल रिटर्न का अवसर प्रदान करता है, साथ ही लार्ज-कैप एक्सपोजर उचित लेकिन कम अस्थिर रिटर्न को मजबूत करता है। इस तरह के फंड में आदर्श रूप से टॉप 100 स्टॉक और अगले 150 स्टॉक शामिल होते हैं, जो अधिकतम वेल्थ क्रिएशन और संरक्षण के अनुरूप एक मजबूत पोर्टफोलियो को बढ़ावा देते हैं। लार्ज और मिड-कैप फंड के लिए, लार्ज-कैप कैटेगरी रक्षात्मक भूमिका निभाएगी। फंड हाउस स्ट्रक्चर्ड तौर पर अच्छे रक्षात्मक दांवों की पहचान करके और उनमें निवेश करके अवसर का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं, जिन्हें आकर्षक रूप से महत्व दिया जाता है, फिर भी बाजार द्वारा नजरअंदाज कर दिया जाता है। जब बाजार हमेशा ऊपर की ओर बढ़ता है, तो कम मूल्य वाले लार्ज-कैप स्टॉक स्थिर रिटर्न प्रदान करेंगे, जबकि मिड और स्मॉल-कैप लंबी अवधि में महत्वपूर्ण सकारात्मक अल्फा उत्पन्न कर सकते हैं।

इसके अलावा, जब तक फंड हाउस हाई-स्केलेबल, नॉन-लीवरेज और ब्रांडेड कंपनियों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो योजना में लॉन्गटर्म तक बने रहने वाले विजेता हो सकते हैं, तब तक मिड-कैप कैटेगरी अल्फा जेनरेटर की भूमिका निभाएगी। ऐसे स्टॉक, हालांकि बाजार में गिरावट के दौरान जोखिम भरे होते हैं, कम अस्थिरता का अनुभव करेंगे, और पोर्टफोलियो का रक्षात्मक लार्ज-कैप कैटेगरी स्कीम की रक्षा करेगा। जबकि कई फंड हाउस इस कैटेगरी में ऑफर्स दे रहे हैं, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज एंड मिड-कैप फंड लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वालों में से एक है। यह वर्तमान में उन नामों में निवेश किया गया है जिन्हें आर्थिक सुधार से लाभ हो सकता है। विभिन्न समय-सीमाओं में, फंड ने अपने बेंचमार्क इंडेक्स के साथ-साथ अपने समकक्ष समूहों के औसत रिटर्न से बेहतर प्रदर्शन किया है।